ऋषिकुल विद्यापीठ में धूमधाम से मनाया नव वर्ष

नव वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते विद्यार्थी व अन्य। स्रोत : स्कूल

सोनीपत (वि)। ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में नव वर्ष का आगमन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय चेयरमैन एसके शर्मा रहे। निदेशक धीरज शर्मा ने कहा कि नव वर्ष आत्ममंथन और आत्मविकास का अवसर है। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने कहा कि नव वर्ष केवल कैलेंडर बदलने का अवसर नहीं बल्कि उत्साह और उमंग के साथ कर्म के पथ पर आगे बढ़ते रहना है।